PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Sun, 11 Jun 2017, Page 1
Width: 25.98 cms, Height: 38.32 cms, a3, Ref: 33.2017-06-11.11

जनरल रावत ने कहा, मोर्चे पर तैनाती के लिए भर्ती जल्द होगी

महिला आतंकियों से लड़ेंगी महिला फौजी

देहरादून | कार्यालय संवाददाता

थल सेनाध्यक्ष जनरल बिपिन रावत ने शनिवार को कहा कि महिला आतंकियों का मुकाबला महिला फौजी करेंगी। इसके लिए जल्दी ही सेना में जवान और जेसीओ रैंक में महिलाओं की भर्ती की जाएगी।

महिला सैनिकों की जरूरत : देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) की पासिंग आउट परेड में बतौर रिव्यूइंग अफसर पहुंचे जनरल बिपिन रावत ने कहा कि सेना को महिला सैनिकों की जरूरत है। अफसर रैंक की महिलाएं सेना में हैं, लेकिन जवान और सरदार साहेबान (जेसीओ) रैंक में भी महिलाओं की जरूरत महसूस हो रही है।

कई बार महिलाएं ढाल बनकर आ जातीं हैं : कश्मीर का जिक्र किए बगैर उन्होंने कहा, कई बार अभियान में सेना को आवाम का सामना करना पड़ता है। इस दौरान कई बार महिलाएं हमारे सामने ढाल बनकर आ जाती हैं। उन पर कार्रवाई करने में पुरुष जवान झिझक जाते हैं। इसलिए जरूरी है कि हमारे पास महिला जवान और जेसीओ हों।

नहीं चाहते घरों में घुसकर खोज अभियान चलाएं : जनरल रावत ने कहा, हम नहीं चाहते कि घरों में खोज अभियान चलाकर लोगों को परेशान किया जाए। इसकी जगह आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा सकता है।

कश्मीर के नौजवानों को भड़काया जा रहा : कश्मीर के सवाल पर सेना प्रमुख ने कहा कि कोशिश यही रहेगी कि जो नौजवान गलत रास्ते पर चले गए हैं, वे हथियार डालकर मुख्य धारा में लौटें। चीन के हेलीकॉप्टर भारत सीमा में घुसने के सवाल पर जनरल रावत ने कहा कि हम भी हेलीकॉप्टर इस्तेमाल करते हैं। सीमा पर दोनों देशों के नजरिए में अंतर के चलते कई बार ऐसा लगता है कि दूसरे पक्ष ने सीमा का उल्लंघन किया है।

› मिलेगी छूट पेज 14

देहरादून में शनिवार को मीडिया से बात करते जनरल रावत। • प्रेट्र

8,350 महिलाएं हैं सेना में, लेकिन जंग में इनकी तैनाती नहीं

5% महिला अफसर ही हैं जल, थल और वायुसेना में कुल

(आंकड़े 2015 के हैं)

पाक को जवाब

थल सेनाध्यक्ष ने कहा, हाल के दिनों में हमने जवाबी कार्रवाई बराबर की है, ताकि सरहद पार से आतंकी घुसपैठ न कर पाएं।

मारकाट के लिए नहीं

जनरल ने कहा, जम्मू-कश्मीर में सेना मारकाट करने के लिए तैनात नहीं हैं। फौज को शांति बहाली के लिए बुलाया जाता है।

इराक में 30 को मारा

बगदाद के पवित्र शहर कर्बला में गत शुक्रवार को महिला आतंकवादी द्वारा किए गए आत्मघाती धमाका में 30 लोग मारे गए और 35 घायल हो गए।

› नया हथियार पेज 17